श्याम हमारा पालनहारा

श्याम हमारा पालनहारा, झट दौड़ा आएगा,
पीड़ पड़े जो हम भक्तों पर, मोरछड़ी लाएगा,
श्याम हमारा पालनहारा......

श्याम नाम की महिमा भारी जाने दुनिया सारी है,
खाटू में सज धज के बैठा बाबा लखदातारी है,
एक बार जो इन्हे निहारे उसका ही हो जायेगा,
श्याम हमारा पालनहारा.......

देख भरोसा करके प्यारे श्याम के दरबार पर,
जो चाहेगा मिल जाएगा एक बार तू प्यार कर,
एक कदम तू आगे बढ़ा ले बाकी वो आ जायेगा,
श्याम हमारा पालनहारा.......

खाटू वाला श्याम ह अमरा सच्चा न्याय चुकाता है,
जिसका सच्चा भाव यहाँ पर उसको ये अपनाता है,
भानु भी जो दर का हुआ तो जीवन संवर जाएगा,
श्याम हमारा पालनहारा........

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/24103/title/shyam-humara-palanhara

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |